To Construct the Four Lane Road

47 (14/18/109) Ch. AFTAB AHMED (Nuh):

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:-

a) whether any time period have been fixed by the Government to start and complete the four lanning work of Gurugram Alwar National Highway NH 248 from District Nuh up to the border of Alwar; if so, the details thereof; and

b) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair/reconstruct the damaged roads of villages Malab, Aakera and Bhadas etc situated on the above said road; if so, the time by which the abovesaid roads are likely to be repaired till the work of four lanning of the NH 248A is not started?

DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA

(a) Sir, the DPR amounting to Rs. 907.96 Crores for Four laning of Gurgaon Alwar National Highway (NH-248A) from Nuh upto Rajasthan Border is under consideration of MoRT&H for approval. The construction work is likely to be taken up in 2024-25 after approval of DPR from MoRT&H

(b) Till the four laning work is taken up, there is a proposal for short term maintenance and repair of Gurugram Alwar National Highway (NH-248A) from Nuh upto Rajasthan Border which includes repairs in village Malab, Aakera & Bhadas. This work is likely to start in June, 2024.

चारमार्गी सड़क का निर्माण करना

47(14/18/109) **चौ॰ आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जिला नूंह से अलवर की सीमा तक गुरूग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग-248ए को चारमार्गीय करने के कार्य को आरम्भ तथा पूरा करने लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा निर्धारित की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़क पर स्थित मालब, आकेडा तथा भादस इत्यादि गांवों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/पुन:निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत, जब तक एन.एच. 248ए को चार मार्गीय करने का कार्य आरम्भ नहीं होता, के कार्य को कब तक किये जाने की सम्भावना है?

दुष्यंत चौटाला, उप मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) श्रीमान् जी, नूंह से राजस्थान सीमा तक गुड़गांव अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-248ए) को चार लेन बनाने के लिए 907.96 करोड़ रुपये की डी.पी.आर. अनुमोदन के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के विचाराधीन है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से डी.पी.आर. की मंजूरी के बाद निर्माण कार्य 2024-25 में शुरू होने की संभावना है।

(ख) चारमार्गी का काम शुरू होने तक, नूंह से राजस्थान सीमा तक गुरूग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-248ए) के अल्पकालिक रखरखाव और मरम्मत का प्रस्ताव है जिसमें गांव मालब, आकेडा और भादस में मरम्मत शामिल है। यह काम जून, 2024 में शुरू होने की संभावना है।